ÖAMTC

# ऑस्ट्रिया में गैर-इइए ड्राइविंग लाइसेंस

गैर-इइए देशों द्वारा जारी किए गए ड्राइविंग लाइसेंस[1] की ऑस्ट्रिया में सीमित मान्यता है। कुछ देशों *) के लाइसेंस बिलकुल भी इस्तेमाल नहीं किए जा सकते हैं। यदि आप ऑस्ट्रिया में लंबे समय तक रहेंगे या ऑस्ट्रिया के निवासी बन गए हैं तो आपको अपने पुराने लाइसेंस के बदले ऑस्ट्रियन लाइसेंस लेना होगा। यह नियम उन ऑस्ट्रिया के नागरिकों पर भी लागू होता है जिनके पास गैर-इइए लाइसेंस है।

## मान्यता

यदि आप **ऑस्ट्रिया के निवासी नहीं हैं**, और आपकी उम्र १८ वर्ष या उससे ज्यादा है तो आपका गैर-इइए ड्राइविंग लाइसेंस, आपके देश में प्रवेश होने के दिन से **१२ महीने तक के लिए मान्य रहेगा**।

यदि आप **ऑस्ट्रिया के निवासी** बन जाते हैं और यदि आपकी उम्र १८ वर्ष या उससे ज्यादा है तो आपका गैर-इइए ड्राइविंग लाइसेंस **आपके निवासी बनने के दिन से ६ महीने के लिए मान्य रहेगा**। इन ६ महीनों के बाद आप अपना गैर-इइए लाइसेंस और इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।

अगर आपका राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस जर्मन भाषा में है और यह वर्ग ए से ई तक विभाजित है तो आऩ ऑस्ट्रिया के अंदर अपना विदेशी ड्राइविंग लाइसेंस बिना अनुवाद कराए प्रयोग कर सकते हैं।

अगर आपका लाइसेंस न तो जर्मन भाषा में है, और न ही ए से ई तक विभाजित है, तो यह केवल आपके घरेलू देश से जारी किए गए अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग अनुमति या आपके लाइसेंस की सीमा की व्याख्या करते अनुवाद (जैसे कि ÖAMTC से उपलब्ध) के साथ ही मान्य होगा।

ऑस्ट्रिया में **निम्नलिखित देशों**[2] के **ड्राइविंग लाइसेंस** को **मान्यता नहीं** दी जाएगी:

***)**

| |
|---|
| अफगानिस्तान, बोलिविया, बुरुंडी, कैमरून, चीन (ताइवान सहित), कोलंबिया, कोस्टा रिका, एल साल्वाडोर, इंडोनेशिया, कोसोवो, लिबिया, नेपाल, निकारागुआ, सोलोमोन आइलैंड, सोमालिया, सुडान, तांजानिया, टोंगा, यमन। |

इन देशों के लाइसेंस ऑस्ट्रिया में ड्राइविंग के लिए प्रयोग नहीं किए जा सकते हैं, इसलिए आपको ऐसा लाइसेंस होने पर किराये की गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है। लेकिन इसके **बदले** ऑस्ट्रियन लाइसेंस लेना **अभी भी संभव है**।

[1] निम्नलिखित देश इइए के सदस्य हैं: ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गेरिया, क्रोएशिया, साइप्रस, चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, इस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगेरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, लातविया, लिचटेंसटेन, लिथुआनियां, लक्जमबर्ग, माल्टा, नेदरलैंड्स, नॉर्वे, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन।

[2]इस सूची में स्थायी परिवर्तन होता रहेगा और यह पूर्ण होने का दावा नहीं करती है।

ÖAMTC

**ड्राइविंग लाइसेंस किस तरह बदला जा सकता है?**

ऑस्ट्रिया के सभी ड्राइविंग लाइसेंस प्राधिकरणों में विदेशी ड्राइविंग लाइसेंस के बदले ऑस्ट्रियन लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है। आपका लाइसेंस जिस देश का है, उसके आधार पर ऑस्ट्रियन लाइसेसं प्राप्त करने के लिए आपके मेडिकल टेस्ट के अलावा आपको ड्राइविंग परीक्षा देने की आवश्यकता हो सकती है।

निम्न गैर-इइए देशों के ड्राइविंग लाइसेंस ऑस्ट्रिया में जारी किए गए ड्राइविंग लाइसेंस के बराबर माना जाता है और उन्हें ऑस्ट्रियन लाइसेंस में बदलने के लिए कोई **ज्ञान या ड्राइविंग की परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी:**

**सब वर्गों के लिए:** अंडोरा, जिब्राल्टर, गर्नसी, आइल ऑफ म्यान, जापान, जर्सी, मोनाको, मोंटेनेग्रो, सन मारिनो, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, यूके, ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड।

**वर्ग बी के लिए:** ऑस्ट्रेलिया, बोस्निया और हर्जगोविना, कनाडा, हांगकांग, इजरेल, न्यूजीलैंड, रिपब्लिक ऑफ नॉर्थ मैसिडोनिया, गणतांत्रिक दक्षिण अफ्रीका, गणतांत्रिक दक्षिण कोरिया (यदि ड्राइविंग लाइसेंस १ जनवरी १९९७ के बाद जारी किया गया था), संयुक्त अरब इमिरेट्स, संयुक्त राज्य अमरिका।

जिन लोगों के पास इन देशों के ड्राइविंग लाइसेंस हैं, उन्हें केवलमेडिकल सर्टिफिकेट की आवश्यकता होगी।

अन्य गैर-इइए देशों के ड्राइविंग लाइसेंस वालों को मेडिकल सर्टिफिकेट के अलावा प्रैक्टिकल टेस्ट भी देना होगाजिसके लिए फीस भी देनी होगी। प्रत्येक ड्राइविंग लाइसेंस की क्लास की परीक्षा देनी होगी।

गैर-इइए लाइसेसं के बदले ऑस्ट्रियन लाइसेसं जारी करते समय, प्राधिकरण जांच करेंगेकि कोई ऐसा तथ्य न हो जो ऑस्ट्रियन लाइंसेंसजारी करने के मुद्देके खिलाफ हो। ऐसी जांच-पड़ताल में कुछ सप्ताह का समय लग सकता है।

गैर-इइए ड्राइविंग लाइसेंस प्राधिकरण को सोंपना होगा। आप प्राधिकरण से अपना नया क्रेडिट कार्ड जैसा लाइसेंस जा कर ले सकते हैं या फिर डाक से मंगा सकते हैं। लाइसेंस बदलने की लागत €६०.५० है (टेस्ट की फीस के अलावा)।

यदि आप **ड्राइविंग टेस्ट के बिना** लाइसेंस बदलने को दे देते हैं तो आपको ऑस्ट्रिया के भीतर **ड्राइव करने की अनुमति नहीं** दी जाएगी **जब तक कि आपका नया लाइसेंस जारी नहीं होता**। यदि आपने लाइसेंस बदलने की प्रक्रिया के दौरान सफलतापूर्वक एक या उससे ज्यादा ड्राइविंग टेस्ट पास कर लिए तो आपको ‘अस्थाई ड्राइविंग लाइसेसं’जारी किया जाएगा , जब तक कि आपका पूरा

ÖAMTC

ऑस्ट्रियन ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध नहीं होता। इससे आप ज्यादा से ज्यादा ४ सप्ताह तक ऑस्ट्रिया में वाहन चला सकेंगे।

**अन्य किन प्रमाणों की आवश्यकता होगी?**

जिस समय आवेदक के गैर-इइए लाइसेंस जारी किया गया था, आवेदक को तब के मुख्य निवास का प्रमाण या जारी करने वाले देश में कम से कम ६ महीने निवास करने का प्रमाण देना होगा। यह प्रमाण नहीं मांगा जाएगा यदि लाइसेंसधारी लाइसेंस जारी करने वाले देश का नागरिक है और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस ऑस्ट्रिया में रहना शुरू करने से पहले से ही था।

**कौन सा प्राधिकरण ड्राइविंग लाइसेंस बदलने के लिए तैयार है?**

- प्रत्येक बुंडेसलैंड में पुलिस निदेशालय (Landespolizeidirektion) या विएना में , द मोटर वेहिकल डिपार्टमेंट (Verkehrsamt), या
- जिला प्रशासनिक प्राधिकार (Bezirkshauptmannschaft या मैजिस्ट्रेट)

**प्राधिकारों को किन कागजातों की आवश्यकता होगी?**

- ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र (Führerscheinantrag)
- पासपोर्ट (वीज़ा) या फोटो लगा अन्य आधिकारिक पहचान दस्तावेज
- मेडिकल सर्टिफिकेट (ärztliches Gutachten), १८ महीने से ज्यादा पुराना नहीं
- गैर-इइए ड्राइविंग लाइसेंस
- गैर-इइए ड्राइविंग लाइसेंस का "Klassifizierung"* (= वर्गीकरण) (ÖAMTC से उपलब्ध - सदस्यों के लिए मुफ्त, गैर-सदस्यों के लिए € २७,४०)। बोस्निया और हर्जगोविना, मोंटेनेग्रो, सर्बिया, स्विट्जरलैंड या टर्की के लिए आवश्यक नहीं है।
- आवास रेजिस्टर फॉर्म (Meldezettel)
- एक पासपोर्ट फोटो (३५ x ४५ मिमी)

* यह वर्गीकरण विदेशी ड्राइविंग लाइसेंस श्रेणियों को यूरोपीय श्रेणियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का कार्य करता है। अधिकांश विदेशी ड्राइविंग लाइसेंसों को सभी ÖAMTC शाखाओं में वर्गीकृत किया जा सकता है। **यदि ड्राइविंग लाइसेंस लैटिन लिपि या जर्मन वर्णमाला में नहीं लिखा गया है, तो शपथित अनुवादक द्वारा अनुवाद उपलब्ध कराया जाना चाहिए।**

**ध्यान दें:** कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त दस्तावेज या फोटोकॉपी की जरूरत पड़ सकती है। विएना में प्राधिकारियों को मूल दस्तावेजों के साथ फोटोकॉपी देनी पड़ती हैं: पुराने ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट की दो-दो प्रतियाँ (फोटो और वीज़ा वाले पृष्ठ), आवास रेजिस्ट्रेशन फॉर्म की १ कॉपी)

ÖAMTC में आने से पहले, कृपया अपने ड्राइविंग लाइसेंस प्राधिकारी से पूछें कि क्या ÖAMTC वर्गीकरण स्वीकार किया जाता है या आपको शपथित अनुवादक द्वारा अनुवाद की भी आवश्यकता होगी। पूरे ऑस्ट्रिया में प्राधिकारी इसे अलग-अलग तरीके से प्रोसेस करते हैं।

ÖAMTC

**महत्वपूर्ण टिप्पणियां:**

अगर कोई गाड़ी बिना किसी मान्य ड्राइविंग लाइसेंस के चलाई गई, तो कोई ट्रैफिक ऐक्सिडेंट होने पर दायित्व बीमा, चालक और गाड़ी के मालिक से पीड़ित को दिए गए € ११.००० तक का भुगतान ले सकता है। गैर-ईईए लाइसेंस अमान्य हो जाएगा अगर लाइसेंसधारी ऑस्ट्रिया का निवासी बनने के ६ महीने के भीतर ऑस्ट्रियन लाइसेंस नहीं लेता। अगर गाड़ी किसी दूसरे व्यक्ति को चलाने को दी गई है, तो गाड़ी के मालिक को सुनिश्चित करना होगा कि उस व्यक्ति के पासमान्य ड्राइविंग लाइसेंस हो। मोपेड चलाने के लिए मोपेड ड्राइविंग लाइसेंस की जरूरत होती है।

मोटर वाहन (१० किमी/घंटा से तेज चलने वाले पावर्ड वाहन या २५ किमी/घंटा से तेज चलने वाली ई-बाइक) का उपयोग केवल ऑस्ट्रिया की सड़कों पर तभी किया जा सकता है एगर वह प्राधिकरण के साथ रेजिस्टर्ड हों और उन पर लाइसेंस प्लेटलगी हो।

**वाहन रेजिस्टर करने के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्पणियां:**

- ऑस्ट्रिया में मुख्य आवास होने वाले व्यक्ति के नाम में ही कोई भी गाड़ी रेजिस्टर की जा सकती है।
- बीम (इंश्योरेंस) कंपनियों में रेजिस्ट्रेशन ऑफिस (Zulassungsstellen) होते हैं जो कि गाड़ियों के औपचारिक रेजिस्ट्रेशन की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार हैं। गाड़ियाँ आपके मुख्य आवास की जगह पर ही रेजिस्टर होनी चाहिए: यह वह जगह है जहां आप आम तौर पर रहते हैं (यह जरूरी है कि आप नगरपालिका अधिकारियों के पास जाकर एक निवासी के रूप में खुद को रेजिस्टर करें)।

गाड़ी रेजिस्टर करने के लिए आप को चाहिए:

- गाड़ी के कानूनी स्वामित्व का प्रमाण (जैसे कि खरीद या दान का करारनामा)
- दायित्व बीमा (Haftpflichtversicherung) लेने की पुष्टि
- फोटो सहित एक मान्यनित परिचय पत्र (कृपया नोट करें:आवास अधिकार कार्ड (Aufenthaltsberechtigungskarte) /व्हाइट कार्ड परिचय का प्रमाण नहीं है)
- गाड़ी रोड के लिए उचित और अच्छी मेकैनिकल अवस्था में होनी चाहिए, इसलिए एक मान्यनित टेकनिकल निरीक्षक प्रमाणप्तर (‘§ 57a-Gutachten’ एक अधिकृत गैरेजद्वारा या ÖAMTC द्वारा जारी) दिखाना होता है।
- गाड़ी का रेजिस्ट्रेशन शुल्क लगभग € १९० है।

**ऑस्ट्रिया में मुख्य निवास में बदलाव:**

यदि आप निवास बदलते हैं, तो आपको स्थानीय रेजिस्ट्रेशन ऑफिस से संपर्क करना पड़ेगा, जो परिवर्तित रेजिस्ट्रेशन दस्तावेज जारी करेंगे। अगर नया निवास किसी दूसरे प्राधिकार के इलाके में है तो गाड़ी को फिर से रेजिस्टर करवाना पड़ेगा।  हर स्थिति में आपको बीमा कंपनी को पता बदलने की सूचना देनी पड़ेगी।

ÖAMTC

ऊपर दी गई जानकारी ध्यानपूर्वक एकत्र कर प्रस्तुत की गई है, लेकिन हम इसकी सटीकता या पूर्णता की जिम्मेदारी नहीं ले सकते हैं।